प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 16.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भगोडे अपराधियों के प्रत्यर्पण से संबधित चुनौतियां और रणनीतियां पर एक सम्मेलन का उदघाटन किया। यह दो दिन का सम्मेलन केंन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने आयोजित किया है। सम्मेलन में विभिन्न केन्द्रीय और राज्य पुलिस एजेंसियों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में गृह मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग, भगोडों का पता लगाने और उन्हें भारत लाकर न्याय के दायरे में लाने की रणनीतियों पर चर्चा की।

****

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण –एफ.एस.एस.ए.आई ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी किया है कि वे सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों द्वारा खाद्य उत्पादों से ओ.आर.एस शब्द को हटाना सुनिश्चित करें। एफ.एस.एस.ए.आई ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों से खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत निर्धारित लेबलिंग और विज्ञापन आवश्यकताओं का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

****

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने विकसित भारत युवा नेता संवाद क्विज–2026 की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने बताया है कि माई भारत पोर्टल के माध्यम से 20 लाख से अधिक युवा प्रतिभागी इस क्विज में भाग ले चुके हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि देश के युवाओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए अंतिम तिथि बढ़ाई गई है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति के शिष्टमंडल ने मुलाकात कर चर्च मिशनरी द्वारा अंधविश्वास और अवैध धर्मांतरण की शिकायत की। समिति ने बताया कि रांची के नामकुम प्रखंड के हरदाग पंचायत में बिना अनुमति के चर्च द्वारा प्रार्थना सभाएं कर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने वोटर आईडी बनाने के क्रम में उम्र से संबंधित दस्तावेजों में छेड़छाड़ की सूचना पर संज्ञान लिया है। उन्होंने सभी विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को ऐसे मामलों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। श्री कुमार ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति, प्रज्ञा केंद्र या साइबर कैफे द्वारा दस्तावेजों में हेरफेर पाई जाती है तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो ने दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन पर भरोसा जताया है। टिकट मिलने के बाद उनके जमशेदपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जीत का संकल्प लिया। सोमेश सोरेन ने कहा कि वह पिता के आदर्शों पर चलते हुए घाटशिला के विकास और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

****

लोहरदगा जिले में महिला स्वावलंबन की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है.। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार हुआ है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

झारखंड में ठंड ने दस्तक दे दी है और न्यूनतम तापमान घटकर 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार कल राज्य के कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और अगले पांच दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

****